आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड
IREL (India) Limited
भारत सरकार का उपक्रम- परमाणु ऊर्जा विभाग
(A Govt. of India Undertaking – Dept. of Atomic Energy)
प्लॉट नं.1207, वीर सावरकर मार्ग, सिद्धिविनायक मंदिर के पास, प्रभादेवी, मुंबई-400028
Plot No.1207, Veer Savarkar Marg, Near Siddhivinayak Temple, Prabhadevi, Mumbai-400028
CIN: U15100MH1950GOI008187

# रिक्ति परिपत्र / सूचना

## विज्ञापन सं.Advt.No.CO/HRM/10/2022

आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक मिनी रत्न श्रेणी-I उपक्रम है, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय मुंबई में है और इल्मेनाइट, रुटाइल, जिरकॉन, सिलिमेनाइट, गार्नेट आदि का उत्पादन करने के लिए चवरा (केरल), मणवालकुरिच्चि (तमिलनाडु) और उड़ीसा सैण्डस कॉम्प्लेक्स (ऑसकॉम) (ओडिशा) में उसके परमाणु खनिज खनन और खनिज पृथक्करण संयंत्रों का प्रचालन कर रहा है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा में एक रेअर अर्थ एक्सट्रैक्शन प्लांट (आरईईपी) की स्थापना की है, जिसमें लगभग 11,000 टन रेअर अर्थ कंसेंट्रेट का उत्पादन करने की क्षमता है और रेअर अर्थ प्रभाग, अलुवा में स्वतंत्र रूप से रेअर अर्थ ऑक्साइड/कार्बोनेट्स का उत्पादन करने के लिए अलग उच्च शुद्ध रेअर अर्थ (एचपीआरई) संयंत्र स्थापित किया है। आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने ओडिशा के गंजाम जिले में एक नया परमाणु खनिज खनन और खनिज पृथक्करण संयंत्र स्थापित करने के लिए ओडिशा औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के साथ एक संयुक्त उद्यम भी स्थापित किया है। इसके अलावा, कंपनी की आगामी प्रतिष्ठित परियोजनाओं में भोपाल, मध्य प्रदेश में रेअर अर्थ और टाइटेनियम थीम पार्क शामिल हैं।

भविष्य की वृद्धि में योगदान करने और परिवर्तन की चुनौतियों का प्रबंधन करने के लिए, आईआरईएल अपनी विभिन्न परियोजनाओं/इकाईयों/कार्यालयों में विभिन्न पदों के लिए (नियमित) योग्य, प्रतिभाशाली, ऊर्जावान और गतिशील भारतीय नागरिकों से (ऑफलाइन मोड के माध्यम) से आवेदन आमंत्रित करता है :

**1.0 पदों/रिक्तियों का विवरण:**

| **पद का नाम**<br>वेतनमान (आईडीए) /ग्रेड / वार्षिक सीटीसी (रू. ) | **पदों की संख्या** | **योग्यता** | ऊपरी आयु-सीमा<br>**09.07.2022** |
|---|---|---|---|
| प्रबंधक (सुरक्षा) /<br>वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा)<br><br>रू.60000-180000/<br>रू.70000-200000<br><br>E-3 Grade /<br>E-4 Grade<br><br>रू.16.41 लाख/<br>रू.19.15 लाख | 3 संख्या<br><br>{2 – अनारक्षित<br>1-<br>ओबीसी(एनसीएल)} | स्नातक होना चाहिए और भारतीय रक्षा सेवाओं से भारतीय सेना में कैप्टन के रैंक से नीचे नहीं होना चाहिए या भारतीय नौसेना / भारतीय वायु सेना में समकक्ष रैंक के साथ सेवानवृत्त होना चाहिए। **अथवा** स्नातक होना चाहिए और पैरा मिलिट्री सेवाओं जैसे सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ एआर, आईटीबीपी, एनएसजी, एसएसजी, आदि से सेवानिवृत्त होना चाहिए, जिसका रैंक सहायक कमांडर या समकक्ष (वेतन स्तर-10 बी) के बराबर हो।<br>/<br>स्नातक होना चाहिए और भारतीय रक्षा सेवाओं से भारतीय सेना में मेजर के रैंक से नीचे नहीं होना चाहिए या भारतीय नौसेना / भारतीय वायु सेना में समकक्ष रैंक के साथ सेवानवृत्त होना चाहिए।<br>**अथवा** स्नातक होना चाहिए और पैरा मिलिट्री सेवाओं जैसे सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ एआर, आईटीबीपी, एनएसजी, एसएसजी, आदि से सेवानिवृत्त होना चाहिए, जिसका रैंक उप कमांडेंट या समकक्ष (वेतन स्तर -11) के बराबर हो।<br><br>**वांछित:**<br>(ए) स्थानीय भाषा पढ़ने/बोलने की प्राथमिकता दी जाएगी।<br>(बी) अग्निशमन ज्ञान/अनुभवी, व्यक्ति को अतिरिक्त योग्यता दी जाएगी। | 43 / 45 |

**कार्य की आवश्यकता: प्रबंधक (सुरक्षा) / वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा):**

निम्न कार्यों सहित कंपनी की इकाइयों/ प्रतिष्ठानों में सुरक्षा कार्य को संभालना आवश्यक है:

- उन क्षेत्रों को संवेदनशील/वर्गीकृत क्षेत्र/जोन/विनिर्माण सुविधा के रूप में स्पष्ट रूप से सीमांकित करना जहां रक्षा मंत्रालय परियोजना से संबंधित कार्य चल रहा हों और यह सुनिश्चित करना कि ऐसे क्षेत्रों को दर्शाने वाले आवश्यक बोर्ड प्रदर्शित किए गए हों।

- यह सुनिश्चित किया जाए कि वह अग्निशमन सेवा अनुभाग से पूरी तरह से सुसज्जित हो, कर्मियों को उचित रूप से प्रशिक्षित देना एवं साथ में आवश्यकता के समय वह तुरंत कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार हो।
- समय-समय पर औचक निरीक्षण करना और ऐसी जांचों का रिकॉर्ड रखना एवं उनके द्वारा देखी गई खामियों (त्रुटियों) के संबंध में यूनिट प्रमुख/सुरक्षा प्रभारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
- कानून लागू करने वाली एजेंसियों, पुलिस अधिकारियों और संयंत्र के आसपास के नोडल कार्यालयों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना एवं सुरक्षा नियमावली से अधिक या आवश्यकतानुसार, प्रभार के अधीन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार कार्य करना।
- नियमित आंतरिक और बाह्य सुरक्षा लेखा परीक्षा सुनिश्चित करना।
- अभिगम नियंत्रण और गार्ड की तैनाती एवं स्वागत कार्यालय व आगंतुकों के प्रबंधन के माध्यम से परिसर की सुरक्षा और भौतिक सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना।
- आवक और जावक सामग्री सुरक्षा का बारीकी से निगरानी करना तथा उचित अभिलेखों का रखरखाव, जैसे, आवक सामग्री रजिस्टर आदि को सुनिश्चित करना।
- आपातकालीन प्रतिक्रिया/आकस्मिक, योजना तैयार करना और आकस्मिकताओं से निपटने के लिए सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण देना।
- संपूर्ण सुरक्षा प्रणाली और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए रणनीति एवं कार्य योजना तैयार करना।
- प्रतिभा संग्रहण प्रणाली स्थापित करना।
- आग, दुर्घटना, तोड़फोड़ सहित आपात स्थिति में उपस्थित रहना एवं स्थानीय पुलिस आदि से संपर्क बनाए रखने के साथ-साथ सहायता और सुधारात्मक उपायों की पुष्टि करना।

(ए) सभी योग्यताएं/डिग्रीयां यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/ डीम्ड विश्व विद्यालयों या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/ संबंधित वैधानिक परिषद (जहां भी लागू हो) से अनुमोदित पाठ्यक्रम से होना चाहिए।

(बी) किसी विशेष योग्यता की स्वीकार्यता के बारे में उत्पन्न किसी विवाद के मामले में, आईआरईएल के प्रबंधन का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

उपरोक्त पदों के लिए उम्मीदवारों के पास अच्छे संचार कौशल, नेतृत्व गुण और कम्प्यूटरीकृत वातावरण में काम करने की क्षमता होनी चाहिए।

**नोट: यह ध्यान दिया जा सकता है कि सभी पदों के संबंध में, कुछ क्षेत्रों / भागों में अनुभव शामिल करने की मांग की गई है, लेकिन यह उपरोक्त तालिका, सूचीबद्ध पदों तक ही सीमित नहीं हो सकता।**

**2.0 <u>आरक्षण एवं छूट:</u>**

(ए) भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आरक्षण और रियायतों के संबंध में निर्देश/दिशानिर्देश लागू होंगे।

(बी) समय-समय पर जारी भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार ओबीसी (एनसीएल) और भूतपूर्व सैनिक उम्मीदवारों के संबंध में आयु-छूट दी जाएगी।

(सी) ओबीसी उम्मीदवार जो 'क्रीमी लेयर' के हैं, वे ओबीसी श्रेणी के लिए स्वीकार्य रियायत के हकदार नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी को अनारक्षित (यूआर) के रूप में दर्शाना होगा।

(डी) ओबीसी (एनसीएल) से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपना ओबीसी-नॉन क्रीमी लेयर (एनसीएल) प्रमाण पत्र (आईआरईएल को आवेदन करने की तिथि से एक वर्ष से अधिक पुराना नहीं) प्रस्तुत करना होगा।

**3.0 सरकारी संगठन और सार्वजनिक क्षेत्र के उम्मीदवारों के आवेदनों का अग्रेषण करना एवं सार्वजनिक क्षेत्र का प्रकाशन।**

(ए) राज्य/ केंद्र सरकार/ अर्ध-सरकारी/ स्वायत्त निकायों/ राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों आदि में नियुक्त व्यक्तियों को आवश्यक होगा कि वे अपने आवेदन पत्र उचित माध्यम से सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ अग्रेषित करें या साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा।

(बी) राज्य/केंद्र सरकार/अर्ध-सरकारी/स्वायत्त निकायों/राज्य और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों आदि में काम करनेवाले उम्मीदवारों के आवेदन उचित चैनल के माध्यम से प्राप्त नहीं होते हैं तो उन्हें अग्रिम प्रतियों के रूप में संसाधित किया जाएगा, लेकिन यदि उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उसे अपने वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' जमा करना होगा; जिसमें यह भी लिखा होना चाहिए कि आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड में नियुक्ति के लिए उसके चयन की स्थिति में उसे कार्यमुक्त किया जा सकता है।

(सी) चयन की स्थिति में, डीपीई के तहत सूचीबद्ध केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के उम्मीदवार सेवा लाभ के हस्तांतरण के हकदार होंगे, बशर्ते उनका नियोक्ता इसके लिए सहमत हों।

(डी) चयन की स्थिति में, ऐसे सभी उम्मीदवारों को उनके नियोक्ता से सेवा मुक्त करने के उचित आदेश के प्रस्तुति पर ही आईआरईएल में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

**4.0 चयन का तरीका:**

उपरोक्त पदों के लिए चयन की विधि में निम्नलिखित शामिल होंगे:

| पदों के नाम | चयन का तरीका |
|---|---|
| प्रबंधक (सुरक्षा)/<br>वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा) | योग्य आवेदकों के लिए चयन का तरीका साक्षात्कार/साइकोमेट्रिक परीक्षण/समूह अभ्यास या उसके संयोजन के माध्यम से होगा। |

**नोट:** कंपनी आवश्यकता के अनुसार लिखित परीक्षा या किसी अन्य परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**5.0 रोजगार-पूर्व चिकित्सा परीक्षा:** सेवाओं में शामिल होने से पहले, चयनित उम्मीदवारों को कंपनी के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा और चिकित्सा अधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**6.0 चरित्र और पूर्ववृत्त का सत्यापन आदि:** चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति के बाद कंपनी के नियमों के अनुसार संबंधित प्राधिकारियों से' चरित्र और पूर्ववृत्त 'और 'विशेष सत्यापन' और अनुभव के सत्यापन के अधीन होगी।

## 7.0 चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची:

चयन समिति अपने विवेक पर चयन प्रक्रिया के बाद प्रतीक्षा सूची में उम्मीदवारों को सूचीबद्ध कर सकती है और यह एक वर्ष की अवधि के लिए या उससे पूर्व या ऐसी किसी भी भर्ती को अधिसूचित कर सकता है। हालांकि, समय-समय पर इस संबंध में प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

## 8.0 वेतन और भत्ते:

मूल वेतन के अलावा, उम्मीदवार को औद्योगिक महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता/ यथा लागू कंपनी का आवास, सुविधा और भत्ते, वार्षिक वेतन वृद्धियां, लाभ के रूप छुट्टी का नकदीकरण, स्वयं और आश्रितों के परिवार के सदस्यों के लिए चिकित्सा सुविधा, ऋणों और अग्रिमों, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी, पीआरपी, वर्दी आदि का भुगतान किया जाएगा।

## 9.0 तैनाती का स्थान: चयनित उम्मीदवारों को नीचे वर्णित अनुसार तैनात किया जाएगा:

| **पद का नाम** | **तैनाती का स्थान** |
|---|---|
| प्रबंधक (सुरक्षा) /<br>वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा) | ऑसकॉम/चवरा/रेअर अर्थ्स प्रभाग/एमके/परियोजनाएँ कार्यालय |

**नोट:** अधिकारी कंपनी की किसी भी यूनिट/ कार्यालय/ प्रतिष्ठान में स्थानांतरित होने के लिए उत्तरदायी हैं।

## 10.0 आवेदन शुल्क

| **पद का नाम** | **आवेदन शुल्क** |
|---|---|
| प्रबंधक (सुरक्षा) /<br>वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा) | सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों द्वारा ऑफ़लाइन आवेदन पत्र जमा करते समय रू. 400 / - (केवल चार सौ रुपये) का न-वापसी योग्य आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाना आवश्यक है। आवेदन शुल्क का भुगतान **मुंबई** में देय **आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड** के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक / चेक (मंजूरी के अधीन) के माध्यम से किया जाएगा। एक बार भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन शुल्क के भुगतान से पहले अपनी पात्रता सत्यापित कर लें।<br>**नोट:** एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/ईएक्सएसएम श्रेणी के उम्मीदवारों, महिलाओं और आंतरिक उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान में छूट दी गई है। |

**11.0 आवेदन कैसे करें** (आवेदन केवल ऑफलाइन मोड में ही जमा किए जाएँ।)

1. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे विज्ञापन में उल्लिखित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं।

2. योग्य उम्मीदवारों को केवल ऑफलाइन मोड के माध्यम से निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप में विधिवत स्वप्रमाणित आवेदन करना आवश्यक है।

i) **जन्म तिथि प्रमाण (डीओबी):**
संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी 10 वीं कक्षा उत्तीर्ण प्रमाणपत्र/स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र/जन्म प्रमाणपत्र।

ii) **निर्धारित योग्यता के संबंध में प्रमाण पत्र:** सभी सेमेस्टर की मार्कशीट/योग्यता प्रमाण पत्र (स्नातक/स्नातकोत्तर/पेशेवर) और अन्य योग्यताएं, यदि कोई हों, जिसमें परिणामों की तारीख को दर्शाया गया हों।

iii) **अनुभव प्रमाण पत्र:**
आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा उल्लिखित अनुभव विवरण के समर्थन में नियोक्ता द्वारा जारी पूर्ण और उचित अनुभव प्रमाण पत्र/दस्तावेज।

**iv) पूर्व रोजगार:**
कार्यभार ग्रहण करने के साथ-साथ कार्यमुक्त होने की तिथि दर्शाने वाला अनुभव प्रमाण पत्र या शामिल होने का प्रमाण, जो नियुक्ति पत्र और उचित कार्यमुक्ति पत्र/त्यागपत्र की स्वीकृति के साथ कार्यभार ग्रहण करने के बाद जारी किया जाता है।

v) **वर्तमान रोजगार:**
नियुक्ति पत्र के साथ कार्यभार ग्रहण करने की तिथि का प्रमाण पत्र। संगठन के सक्षम प्राधिकारी और अधिकृत कार्यकारी द्वारा जारी अनुभव पत्र, जिसमें संबंधित कर्मचारी द्वारा नवीनतम वेतन पर्ची (पेस्लिप) के साथ पदनाम और संगठन में शामिल होने की तारीख को दर्शाता हो।

**अथवा**

नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से संगठन में शामिल होने की तारीख और नवीनतम वेतन पर्ची (पेस्लिप) का उल्लेख किया गया हो।

vi) एनओसी/वर्तमान संगठन के उचित चैनल के माध्यम से आवेदन को अग्रेषित करें।

vii) विज्ञापन में जाति प्रमाणपत्र उल्लिखित है। (यदि लागू हो)

viii) रक्षा सेवाओं (भूतपूर्व सैनिक) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए निर्वहन प्रमाण पत्र।

ix) वैध आईडी प्रमाण (पैन/कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी/कार्ड/आधार)।

x) मुंबई में आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड के पक्ष में आहरित 400/- रुपये के लिए डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/सममूल्य पर चेक देय है।

3. पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ और उपरोक्त दस्तावेजों की प्रतिलिपि के साथ विधिवत रूप से उम्मीदवार द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन को : " अधिसूचना संख्या **CO/HRM/10/2022** के अनुसार ...................... के नियमित/ निश्चित अवधि के पद के लिए आवेदन " ऐसा उपर लिखकर सीलबंद लिफाफे में भेजा जाना चाहिए। आवेदन उप महाप्रबंधक (परियोजनाएं) और प्रभारी मा.सं. एवं सामान्य प्रशासन, आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड, प्लॉट नंबर 1207, वीर सावरकर मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई- 400028 पर 09.07.2022 को या उससे पहले पंजीकृत पोस्ट/स्पीड/कूरियर के माध्यम से ही पहुँचना चाहिए। किसी अन्य माध्यम से अग्रेषित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. आईआरईएल, किसी भी आवेदन या संचार के डाक परिवहन में देरी/हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

5. विलंबित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। 'अपूर्ण आवेदन' रद्द कर दिए जाएंगे।

6. **कृपया ध्यान दें:** आईआरईएल के कार्यालय में आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि **09.07.2022** है।

## 12.0 सामान्य शर्तें एवं निर्देश

(ए) केवल भारतीय नागरिकों को आवेदन करने की आवश्यकता है। केवल आवेदन जमा करने से नियुक्ति का दावा करने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

(बी) शैक्षणिक योग्यता, आयु और अनुभव के लिए पात्रता की गणना के लिए सीटीसी तिथि 09.07.2022 होगी।

(सी) आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड सहित सरकार/पीएसयू से स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना (वीआरएस) के तहत सेवा निवृत्त व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे।

(डी) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है कि आवेदन करते समय वे पात्रता मानदंड और उल्लिखित अन्य आवश्यकताओं को पूरा करें और उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी मामलों में सही हों। हर स्तर पर उनकी उम्मीदवारी विशुद्ध रूप से अस्थायी होगी। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पता लगाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है और/या इस विज्ञापन की अन्य आवश्यकताओं का पालन नहीं करता है और/ या उसने कोई गलत या गलत जानकारी दी है या किसी वास्तव जानकारी को छुपा दिया हो, तो उसका/उसकी उम्मीदवारी रद्द के लिए उत्तरदायी होगी। यदि उपरोक्त कमियों में से किसी भी कमी का पता लगने पर/ या का उसका पता लगाने के बाद भी उसकी सेवाओं को बिना किसी नोटिस के समाप्त कर दिया जाएगा।

(ई) लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा/ साक्षात्कार आदि के बारे में सूचना केवल ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

(एफ) परीक्षा और/ या साक्षात्कार (यदि कोई हो) के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की संख्या को विनियमित करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो प्रबंधन विज्ञापित पदों के लिए प्रतिसाद के आधार पर न्यूनतम पात्रता मानकों/ मानदंडों को बढ़ाने, या न्यूनतम पात्रता मानकों/ मानदंडों को शिथिल करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अन्यथा उपयुक्त उम्मीदवारों में आयु सीमा शामिल है। प्रबंधन साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन और उम्मीदवार की इच्छा के आधार

पर किसी भी उम्मीदवार को केवल निम्न पद (कार्यकारी पद)  की पेशकश करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(जी) उपरोक्त योग्यता और अनुभव को पूरा करने से उम्मीदवार को लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षण/ साक्षात्कार के लिए बुलाया नहीं जा सकता है। केवल लघु-सूचीबद्ध उम्मीदवारों को परीक्षा (यदि कोई हो) और/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। कोविद -19 की मौजूदा महामारी की स्थिति के कारण, आवश्यकता के आधार पर, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षण/साक्षात्कार आयोजित किया जा सकता है। परीक्षण/साक्षात्कार (मामलों की स्थिति के आधार पर) के वर्चुअल मोड के तौर-तरीकों के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

(एच) आयु, योग्यता, कार्यअनुभव, वेतनमान, सीटीसी, वार्षिकटर्नओवर, श्रेणी/विकलांगता (जैसा लागू हो) और अन्य दस्तावेजों के संबंध में मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन केवल साक्षात्कार/शामिल होने के समय (जैसा भी मामला हो) किया जाएगा। ऑनलाइन साक्षात्कार के मामले में, चयनित उम्मीदवारों के शामिल होने से पहले मूल दस्तावेजों का सत्यापन बाद में किया जाएगा। यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता, तो किसी भी समय उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(आई) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को (आमने-सामने साक्षात्कार की स्थिति में) कंपनी के नियमों के अनुसार सबसे छोटे मार्ग से निकटतम रेलवे स्टेशन से ट्रेन के किराये की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

(जे) आवश्यकताओं के आधार पर, किसी भी नोटिस के बिना और किसी भी कारण को बताए बिना पदों की संख्या बढ़ाने/घटाने/रद्द करने का अधिकार कंपनी के पास सुरक्षित है। आईआरईएल ने चयन प्रक्रिया को बिना कोई नोटिस जारी किए और/अथवा किसी भी कारण बताए विज्ञापन/भर्ती प्रक्रिया और/या चयन प्रक्रिया को रद्द करने/संशोधित करने/ बदलने का अधिकार सुरक्षित रखा है।

(के) योग्यता, अनुभव, आयु सीमा आदि की उपरोक्त सभी शर्तें आईआरईएल के आंतरिक उम्मीदवारों के लिए भी लागू हैं।

(एल) योग्य और इच्छुक उम्मीदवारों को अच्छी तरह से अग्रिम में आवेदन करने की सलाह दी जाती है ताकि आवेदन में अंतिम समय की त्रुटियों से बचा जा सके। आवेदक द्वारा उठाए गए प्रश्नों और उसके जवाब में प्रतिसाद प्राप्त न होने के कारण आवेदन जमा करने में किसी भी देरी के लिए आईआरईएल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

(एम) जिन उम्मीदवारों का चयन नहीं किया गया है, उनके रिकार्ड पद (दों) के अगले विज्ञापन के साक्षात्कार या प्रकाशन की तारीख से 01 वर्ष से अधिक, इनमें से जो भी पहले हो,  संरक्षित नहीं होंगे।

(एन) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति कंपनी के नियमों के अनुसार मेडिकल फिटनेस, संबंधित अधिकारियों से चरित्र और पूर्ववृत्त (सीएंडए) का सत्यापन, अनुभव सत्यापन के अधीन है।

(ओ) डाक पता/ईमेल-आईडी/श्रेणी/पदों और घोषित की गई अन्य जानकारी के परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

(पी) इस विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती के संबंध में किसी भी विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है। कोर्ट/फ़ोरम/ट्रिब्यूनल के पास इस तरह के किसी भी मामले/विवाद का प्रयास करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार केवल मुंबई में होगा।

(क्यू) उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में कोई भी अन्य जानकारी/स्पष्टीकरण/परिशिष्ट केवल हमारी आधिकारिक वेबसाइट http://www.irel.co.in पर उपलब्ध कराया जाएगा। आगे कोई प्रेस विज्ञापन नहीं दिया जाएगा। इसलिए, संभावित आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त उद्देश्य के लिए नियमित रूप से आईआरईएल की वेबसाइट http://www.irel.co.in पर जाएं।

(आर) किसी भी संबंध में, अपूर्ण आवेदन खारिज कर दिया जाएगा और आगे कोई पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(एस) उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध में सभी पत्राचार/घोषणाएं कंपनी की वेबसाइट पर ई-मेल/नोटिस के माध्यम से की जाएंगी। साक्षात्कार के सूचना पत्र/एडमिट कार्ड डाउनलोड/प्रिंट करना यह उम्मीदवार की जिम्मेदारी है।

(टी) उम्मीदवार द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ईमेल आईडी के कारण या किसी अन्य कारण से भेजे गए ईमेल से होने वाले किसी भी नुकसान के लिए कंपनी जिम्मेदार नहीं होगी। उम्मीदवार का ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर कम से कम एक वर्ष के लिए वैध होना चाहिए।

(यू) उम्मीदवारों को होनेवाले किसी भी समस्या के मामले में, वे कंपनी की ईमेल आईडी: hrmrect-ho@irel.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

(वी) शंकाओं का समाधान: शंकाओं और व्याख्या के मामले में, सीएमडी और चयन एजेंसी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(डब्ल्यू) अंग्रेजी या हिंदी संस्करण में व्याख्या के कारण उत्पन्न किसी अस्पष्टता/विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण अंतिम होगा।

(एक्स) आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी कैनवसिंग के कारण उसकी उम्मीदवारी को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

'यदि कोई मुद्रण त्रुटियां हो तो उसके लिए आईआरईएल जिम्मेदार नहीं है'

<u>**आवेदन फार्म**</u>

<u>**आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड**</u>

| अपना नवीनतम फोटोग्राफ यहाँ चिपकाएँ (स्वप्रमाणित) |
|---|

**रोजगार अधिसूचना संख्या: CO/HRM/10/2022**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पद के लिए आवेदन | | | |
| 2 | नाम | | | |
| 3 | पिता का नाम | | | |
| 4 | राष्ट्रीयता | | राज्य अधिवास | |
| 5 | जन्म तिथि (दिनांक/माह/वर्ष) | | आयु 09.07.2022 के अनुसार | |
| 6 | लिंग | | वैवाहिक स्थिति | |
| 7 | पिन कोड के साथ में संचार के लिए वर्तमान पता<br><br>ई-मेल आईडी: | | | |
| 8 | निकटतम रेलवे स्थानक (स्टेशन) | | | |
| 9 | मोबाइल नंबर | | | |
| 10 | श्रेणी (कृपया उपयुक्त पर निशान लगाएं) | यूआर ☐ एससी ☐ एसटी ☐ ओबीसी(एनसीएल) ☐ ईएक्स-एसीआर ☐<br>पीडब्ल्यूबीडी ☐ ईडब्ल्यूएस ☐ | | |

**11. आवश्यक और अतिरिक्त योग्यताएं (स्व-सत्यापित फोटोकॉपी संलग्न की जाए)**

| क्र. सं. | योग्यता (जारी किए गए प्रमाण पत्र के अनुसार होना चाहिए) | अनुशासन (स्ट्रीम) | अवधि | | विश्वविद्यालय /संस्थान का नाम | % अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | से (माह/वर्ष) | तक (माह/वर्ष) | | |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

**12. प्रासंगिक अनुभव विवरण**

(कृपया संगठन के भीतर धारित संबंधित विवरणों के साथ प्रत्येक पद/पदनामों का उल्लेख करें) (स्वप्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)

| क्र. सं. | संगठन का नाम | पदनाम/तैनाती का स्थान | वेतनमान / ग्रेड/ वार्षिक सीटीसी | अवधि | | अनुभव की कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | से (दिन/माह/वर्ष) | तक (दिन/माह/वर्ष) | |
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| **नौकरी की जिम्मेदारियां (वर्तमान नियोक्ता)** | | | | | | |
| | | | | | | |

**13. अतिरिक्त जानकारी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| a) | यदि चयनित होता है, तो न्यूनतम कार्यग्रहण का समय निर्दिष्ट करें। | | | |
| b) | भाषा का ज्ञान | पढ़ना | लिखना | उच्चारण |
| | 1. | | | |
| | 2. | | | |
| | 3. | | | |
| c) | **क्या कोई जुर्माना/दंड दिया गया था? यदि हाँ, तो विवरण दें** | | | |
| d) | आवेदक की जानकारी के अनुसार, क्या आवेदक के विरुद्ध कोई सिविल या आपराधिक कार्रवाई अथवा जाँच चल रही है? यदि हाँ, तो विवरण दें | | | |
| 14 | मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन में उल्लिखित सभी कथन मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार उचित और सही हैं। मैं समझता हूँ कि ऊपर दिए गए किसी भी विवरण या जानकारी के गलत या गलत पाए जाने की स्थिति में, या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि मेरे पास पद के लिए निर्धारित योग्यता / अनुभव नहीं है, तो मेरी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा। यदि नियुक्ति के बाद भी किसी भी कमी का पता चलता है, तो मेरी सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है।<br><br>घोषणा: मैं, उल्लिखित योग्यता आवश्यकताओं, पात्रता शर्तों, सामान्य शर्तों और निर्देशों आदि सहित विस्तृत विज्ञापन को देख लिया है और उसमें निर्दिष्ट सभी पात्रता मानदंड शर्तों/आवश्यकताओं को पूरा करता हूँ। मैं घोषणा करता हूँ, कि प्रबंधन द्वारा आवश्यक होने पर मूल प्रमाण पत्र और विवरण प्रस्तुत करने का वचन देता हूँ।<br><br>मैं एतद्द्वारा वचन को स्वीकार करता हूँ और पुष्टि करता हूँ। | | | |

स्थान:

दिनांक:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

| | | प्रमाण पत्र की संदर्भ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | जन्म तिथि का प्रमाण | |
| 2 | डिग्री प्रमाण पत्र | |
| 3 | व्यवसायिक योग्यता | |
| 4 | अनुभव प्रमाण पत्र | |
| 5 | अन्य | |